कटिहार रेलवे जंकशन

2625. श्री युवराज : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में मीटर गेज का सबसे बड़ा रेलवे जंकशन है ;

(ख) क्या हजारों यात्री विभिन्न रेलगाड़ियों द्वारा प्रति दिन कटिहार जंकशन से होकर गुजरते हैं ;

(ग) क्या दूसरी श्रेणी के यात्रियों के लिए वहां कोई उचित प्रतीक्षालय नहीं है यद्यपि ब्रिटिश शासनकाल की एक पुरानी इमारत वहां है जो टूटी फूटी हालत में है और जहां यात्री ठहर नहीं सकते ; और

(घ) यदि हां, तो वहां पर दूसरी श्रेणी के प्रतीक्षालय के कब तक बन जाने की सम्भावना है जिसमें 500 यात्री ठहर सकें और जिसमें पंखों, शुद्ध पेय जल की व्यवस्था हो और जिसका फर्श मोजारंक का हो ?

रेल मन्त्री (प्रो० मधु दण्डवते) : (क) से (ग). कटिहार जंकशन पर पुरुषों एवं महिलाओं के लिए दूसरे दर्जे का एक प्रतीक्षालय और ऊंचे दर्जे के दो प्रतीक्षालयों की व्यवस्था की गयी है । इस स्टेशन की इमारत के नवीकरण के कार्य, जिसमें सुविधाओं का आधुनिकीकरण, दूसरे दर्जे के प्रतीक्षालय का विस्तार सम्मिलित है, को पहले से ही प्रारम्भ कर दिया गया है ।

कटिहार गोशाला और मैसर्स आर० बी० एच० एम० जूट मिल्स, कटिहार के बीच फाटक और पुल का निर्माण

2626. श्री युवराज : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि कटिहार-मनीहारी घाट (उत्तर सीमा रेलवे) लाइन पर कटिहार गोशाला और मैसर्स आर० बी० एच० एम० जूट मिल्स, कटिहार के बीच फाटक और पुल न होने के कारण वहां से गुजरने वाले लोगों तथा मिल के मजदूरों और गांव की ओर आने वाली बलगाड़ियों को भारी कठिनाई होती है ;

(ख) क्या गत दस वर्षों में गोशाला और मिल के बीच अनेक लाइनें बिछाई गई हैं और यह स्थान रेलवे यार्ड के बहुत निकट है जहां शंटिंग के लिए रेलगाड़ियां आती हैं ;

(ग) वहां इन रेल लाइनों के बिछाए जाने के बाद से अनेक दुर्घटनायें हो चुकी है; और

(घ) यदि हां, तो वहां से गुजरने वाले पैदल यात्रियों के लिए फाटक और पुल का निर्माण कब तक कराया जाएगा ?

रेल मन्त्री (प्रो० मधु दण्डवते) : (क) एक शिकायत जो पहली बार मई, 1977 में मिली थी, को छोड़कर रेलों को इस सम्बन्ध में कोई शिकायत अभ्यावेदन नहीं मिला है ।

(ख) गत 10 वर्षों के दौरान कोई भी अतिरिक्त रेलवे लाइन नहीं बिछाई गई । लेकिन यह स्थान रेलवे स्टेशन यार्ड के निकट है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) नये समपार की व्यवस्था अथवा इस स्थान पर ऊपरी पैदल पुल की आवश्यकता का प्रश्न अभी रेलवे के विचाराधीन है ।

Restrictions on age of Marriage

2627. SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU: Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are proposing to place restrictions on